# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 12/08/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 11.08.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**<u>01. थाना सुहवल पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-105/24 धारा 85/108 बी0एन0एस0 व 3/4 डीपी एक्ट के वांछित नामजद अभियुक्त/अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार।</u>**

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक सुहवल मय हमराह द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-105/24 धारा 85/108 बी0एन0एस0 व 3/4 डीपी एक्ट के वांछित नामजद अभियुक्तगण मो0 अकबर पुत्र स्व0 जुल्फेखार व आयना खातून उर्फ संजीदा खातून पत्नी अकबर अली निवासीगण ग्राम सुहवल को दबिश देकर उनके घर ग्राम सुहवल महादेवा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता का नाम व पता-</u>**

1.मो0 अकबर पुत्र स्व0 जुल्फेखार निवासी ग्राम सुहवल थाना सुहवल जनपद गाजीपुर उम्र करीब 50 बर्ष।
2. आयना खातून उर्फ संजीदा खातून पत्नी अकबर अली निवासी ग्राम सुहवल थाना सुहवल जनपद गाजीपुर उम्र करीब 45 वर्ष

**<u>02. मीडिया सेल व थाना सादात पुलिस टीम की तत्परता ने बचाई सोशल मीडिया पर सुसाइडल अटेम्प्ट करने वाली पीड़िता की जान।</u>**

दिनांक 11.08.2025 को सोशल मीडिया सेल डीजीपी ऑफिस से थाना सादात क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुन्दर्शीपुर में एक युवती द्वारा इंस्टाग्राम पर भारी मात्रा में दवा की गोलिया खाकर आत्महत्या करने से संबंधित पोस्ट की सुसाइडल अटेम्प्ट की सूचना प्राप्त हुई, मीडिया सेल गाजीपुर द्वारा प्रकरण में अविलंब थाना सादात को अवगत कराया गया जिस पर सादात पुलिस त्वरित कार्यवाही करते हुए 12 किमी की दूरी को 18 मिनट में तय कर मौके पर पीड़िता के घर पहुंच कर देखा कि पीड़िता चारपाई पर अचेता अवस्था मे पडी थी जिसको तत्काल महिला सिपाही की मदद से उठाकर सीएचसी सादात मे भर्ती किया गया ,पीडिता बाद इलाज स्वस्थ है। पीडिता द्वारा बातचीत करने पर अपने प्रेमी से नाराज होकर व खुद के जिन्दगी से नाराज होकर आत्महत्या करने के

नियत से कुछ दवा की गोलिया भारी मात्रा मे खा ली थी। जिससे तबियत काफी खराब होने से अचेत हो गयी थी यदि ससमय इलाज हेतु अस्पताल न पहुचाया जाता तो मृत्यु से इनकार नही किया जा सकता था। थाना सादात द्वारा सम्पूर्ण प्रकरण की जांच की जा रही है।

मीडिया सेल गाजीपुर व थाना सादात पुलिस की कार्य तत्परता लगन व कर्मठशीलता से पीडिता की जान बच गयी। जिससे पीड़िता के परिजनों द्वारा पुलिस टीम का सहृदय धन्यवाद करते हुए भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**